**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**राजस्व विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2560**

(जिसका उत्तर सोमवार, 09 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाना है।)

**"जीएसटी बचत उत्सव के विज्ञापन पर व्यय"**

**2560. श्री जगदीश चंद्रा वर्मा बसुनिया:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'जीएसटी बचत उत्सव' के विज्ञापन पर रुपये में किए गए कुल व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार के पास 'जीएसटी बचत उत्सव' के कारण जीएसटी अनुपालन में हुई मापने योग्य वृद्धि का कोई आंकड़ा है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) इस संबंध में यह कहना है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जीएसटी बचत उत्सव के विज्ञापन पर किया गया कुल व्यय 88.74 करोड़ रुपये है।

(ख) एवं (ग) दिनांक 03.09.2025 को आयोजित 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दरों का युक्तिकरण किया गया। इसके बाद, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 22 सितंबर, 2025 से पहले और बाद में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों और दवाओं सहित महत्वपूर्ण वस्तुओं की कीमतों की निगरानी कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक उचित रूप से पहुंचाया जा सके।

इसके अलावा, व्यापार संघों के साथ-साथ संबंधित मंत्रालयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके सदस्य दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं।

इसके साथ ही, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जीएसटी दर युक्तिकरण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक प्रचार अभियान चलाए गए। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर कॉल करने या एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र (आईएनजीआरएएम) पोर्टल पर अपनी पूछताछ/शिकायतें दर्ज करने के लिए मार्गदर्शन देने हेतु अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न भी तैयार किए गए और सीबीआईसी वेबसाइट पर अपलोड किए गए, ताकि यदि उन्हें जीएसटी दर परिवर्तनों के लाभ प्राप्त न होने के संबंध में कोई प्रश्न/शिकायत हो तो वे ऐसा कर सकें। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह पाया गया है कि इन लाभों का अधिकांश हिस्सा अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुँचा दिया गया है।

*****